संख्या- 258 /2023 / 3451 /चार-2023

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊ : दिनांक 18 अगस्त, 2023

विषय- वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ को गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों का विवरण/ कार्ययोजना पर अनुमोदन तथा प्रथम किश्त की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के पत्र संख्या-201/उ0प्र0लो0ज0सं0सं0/2023-24 दिनांक 03 अगस्त, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा संस्थान के वित्तीय वर्ष 2023-24 में गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों का विवरण/ कार्ययोजना उपलब्ध करायी गयी है।

2. निदेशक, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के उपर्युक्त पत्र दिनांक 03 अगस्त, 2023 के साथ उपलब्ध करायी गयी संस्थान के वित्तीय वर्ष 2023-24 में गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों का विवरण/ कार्ययोजना (प्रति संलग्न) पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है। उक्त अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि के अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ को 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) आयोजनेत्तर पक्ष में प्राविधानित धनराशि रू0 100.00 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू0 25.00 लाख (रूपये पच्चीस लाख मात्र) की प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैः-

(1) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय केवल अनुमोदित मद/योजनाओं पर किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि कोषागार से एकमुश्त आहरित करने के बजाय आवश्यकतानुसार व्यय की सीमा तक ही आहरित की जायेगी।

(3) प्रश्नगत स्वीकृति निदेशक, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है यदि बजट के सबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ का होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन धनराशियों का प्रदेशन ही अकेले किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता, व्यय करने के लिए बजट मैनुअल और वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों अथवा अन्य स्थाई आदेशों से शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की, जहॉ आवश्यकता हो, व्यय करने के पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय। उपर्युक्त स्वीकृति धनराशि के सम्बन्ध में वित्त विभाग के मितव्ययता सम्बन्धी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के नियमों व इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डडर्स आफ फाइनेंशियल प्रोप्राइटरी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

(6) उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ द्वारा आगामी किश्त अवमुक्त किये जाने से पूर्व इस आशय का प्रमाण पत्र भी दिया जाना होगा कि विगत वर्षो में अवमुक्त की गयी धनराशि के सापेक्ष कोई धनराशि अवशेष एवं अप्रयुक्त शेष नहीं है।

(7) उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ को पूर्व वर्षो में स्वीकृत /अवमुक्त अनुदान की धनराशि से सम्बन्धित स्थानीय लेखा परीक्षा/आडिट रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

4. उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक -2205- कला एवं संस्कृति-आयोजनेत्तर-101- ललित कला शिक्षा -22- लोक एवं जनजातीय कला तथा सांस्कृतिक संस्थान की स्थापना -20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) मद के नामे डाला जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या: 258 /2023 / 3451 (1)/चार-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- निदेशक, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ।
7- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3451/सा-2023

पत्र संख्या 201/उ0प्र0लो0ज0सं0सं0/2023-24

लखनऊ : दिनांक 03 जुलाई, 2023 अगस्त

प्रेषक,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति
संस्कृति संस्थान,जवाहर भवन,
लखनऊ।

सेवा में,

अनु सचिव,
संस्कृति अनुभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

विषयः-संस्थान के वित्तीय वर्ष 2023-24 में गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो का विवरण/कार्ययोजना के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-3211/चार-2023 दिनांक 27 जुलाई, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचना शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

2- उक्त सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या-3211/चार-2023 दिनांक 27 जुलाई, 2023 में उल्लिखित बिन्दुओं के क्रम में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान में वित्तीय वर्ष 2023-24 में गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो का विवरण/कार्ययोजना से सम्बन्धित संस्थान की सूचना संलग्नकर कृपया आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

3/8/23

(अतुल द्विवेदी)
निदेशक

श्री राजन दुबे
4/8/23

चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में लोक एवं जनजाति कला एंव संस्कृति संस्थान के आय–व्ययक में गैर वेतन मद में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों/कार्यकमों की वार्षिक कार्ययोजना

क0	कराये जाने वाले कार्य का विवरण	व्यय हेतु प्रस्तावित/ अनुमानित धनराशि (लाख में)
1	**दिनांक 21 जून,2023** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ।	.75
2	माह **जुलाई एवं अगस्त, 2023** को ऋतुओं पर आधारित कजरी उत्सव मल्हार, वर्षा मंगल जैसे कार्यक्रम	5.00
3	माह **जुलाई, 2023 से मार्च, 2024** तक संपदा कार्यक्रम में अधिकाधिक कलाकारों की रिकार्डिंग को सुरक्षित करना।	4.00
4	**माह सितम्बर, 2023** में लोक भाषाओं पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन।	1.00
5	**माह सितम्बर, 2023** प्रदेश की लोक कलाओं को समग्र रूप से एक मंच पर प्रस्तुत करने लिए थीम बेस्ड (विषय आधारित) राष्ट्रीय समारोह के आयोजन का प्रस्ताव है। इसमें पर्यटन विभाग, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र,संगीत नाटक अकादमी,क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। इस वर्ष की थीम "कृष्ण" पर आधारित लोक नृत्य गीत संगीत होगे।	5.00
6	**माह अक्टूबर, 2023** को लोक उपासना के अन्तर्गत देवी मंदिरों पर भक्ति पर आधारित कार्यकम। (बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्यकम किया जायेगा।)	10.00
7	**अक्टूबर** के अन्तिम सप्ताह में इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली एवं संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से देश भर के मार्शल आर्टस (शौर्यकला) पर आधारित कार्यक्रम "शौर्य पर्व" का आयोजन लखनऊ में । (विशेष आयोजन) **नोट**–उपरोक्तानुसार संस्थाओं से सहयोग प्राप्त होने के पश्चात तथा बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्यकम किया जायेगा	25.00
8	**माह नवम्बर** में वाराणसी के घाट पर नदियॉ गाती है, कार्यक्रम इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली/नमामि गंगे के सहयोग से प्रस्तावित। **नोट**–उपरोक्तानुसार संस्थाओं से सहयोग प्राप्त होने के पश्चात बजट की मॉग की पुनर्विनियोग के माध्यम से शासन से की जायेगी।	15.00

9	**दिनांक 15 नवम्बर, 2023** को लखनऊ में जननायक बिरसामुण्डा की जन्मतिथि पर राष्ट्रीय स्तर का जनजाति पर्व अन्य संस्थानों के साथ मिलकर आयोजन।	25.00
10	**माह नवम्बर, 2023** को प्रयागराज में कठपुतली/लोकनाट्यों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन ।	4.00
11	**माह दिसम्बर, 2023** को "नादस्वर" के अन्तर्गत विभिन्न लोकवाद्यो एवं बैण्ड की प्रस्तुति। इसके अन्तर्गत विलुप्त होते लोक वाद्यो को विशेष रूप से चिन्हित करके मंच प्रदान किया जायेगा, जैसे ढप, रमतुल्ला, अलगोझा,मसक बीन, शहनाई ,ठोलक , नगडिया, नक्कारा, रणसिंहा और शंख आदि।	5.00
12	**माह जनवरी, 2024** को महोबा में विलुप्त होती लोक गाथाओं पर लोकगाथा गायन का कार्यक्रम जिसमें चनैयनी, आल्हा भरथरी, हरदौल, बिरहा, पंडवानी एवं विजयमल गाथा आदि की प्रस्तुति।	5.00
13	जिन संस्थाओं के साथ एम0ओ0यू0 किये गये है उनके सहयोग से विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम	4.00
14	अधिक से अधिक विश्वविद्यालय /विद्यालय ,एन0जी0ओ0, सरकारी संस्थानों के साथ एम0ओ0यू0 के माध्यम से प्रदेश भर में मिलकर कार्यक्रमों का आयोजन।	
15	आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बडे स्तर पर सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन एन0जी0ओं0/ विश्वविद्यालय, विद्यालय के सहयोग से। (बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्यकम कराये जायेंगे।)	25.00
16	एन0टी0पी0सी0, रिहन्द के साथ मिलकर रिहन्द पर्व का आयोजन।	6.00
17	प्रदेश की विभिन्न जनजातियों पर आधारित , आदि पर्व, देशज पर्व का आयोजन ललितपुर, चित्रकूट, सोनभद्र, मिर्जापुर में।	8.00
18	सोनभद्र में जनजाति क्षेत्रो में चित्रकला के शिविर आयोजित किए जायेगे। जहाँ पर जनजाति चित्रों का निर्माण किया जायेगा इन चित्रों की प्रदर्शनी प्रदेश के विभिन्न स्थनों पर लगायी जायेगी। **(ललित कला अकादमी दिल्ली का सहयोग)**	4.00
19	आगरा में विलृप्त होती लोक नाट्य परम्परा के मंच प्रदान कर अधिक से अधिक कलाकारों कला साधको को जोड़ने के लिए प्रदेश एवं देश के लोक–नाटको का आयोजन किया जाना है। जैसे– नौटकी,स्वाग,इन्द्रसभा आदि।	4.00
20	शासन द्वारा दिए गये निर्देश के क्रम में संस्थान द्वारा दो पुरस्कार एवं दो छात्रवृत्ति देने का प्रस्ताव है। जिसके द्वारा कलाकारो का सम्मान एवं उन पर शोधात्मक कार्य कराये जा सकेगे।	5.00
21	आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रमुख विधाओ के पपैट शो (पुतुल पर्व) का तीन दिवरीय आयोजन।	4.00
22	MOU एवं अन्य संस्थाओ के माध्यम से विशेषकर उन जिलो में जहाँ अभी तक संस्थान के कार्यक्रम कराये जाने का प्रस्ताव / लक्ष्य यह है कि इस वर्ष प्रदेश के समस्त जिलों में "पहल" कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान की गतिविधियो को पहुँचाया जाए।	4.00

23	भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के साथ शैक्षिक गतिविधियों के संचालन को प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। (भवन की उपलब्धता के अनुसार बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा।)	0.00
24	पॉच दिवसीय "**जनजाति यात्रा**", रावटर्सगंज , लखीमपुर खीरी एवं पीलीभीत जनपदों में जनजाति कलाकारो द्वारा गायन वादन एवं लोक नृत्यो का कार्यक्रम। (बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्यकम किया जायेगा।)	10.00
25	दिवस एवं जन्म जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यकमों/संगोष्ठी/कवि सम्मेलन का आयोजन।	5.00
26	डी0डी0आर प्रोजेक्ट के तहत कार्य कराये जाने की अनुमति।	.50
27	**माह मार्च, 2024** में संस्थान द्वारा 10 कार्यशालाओं का आयोजन।	2.00
28	संस्थान में कार्यरत आउटसोर्स कर्मी का वेतन	9.00
29	संस्थान में निदेशक की गाडी एवं कार्यालय व्यय/अन्य विविध व्यय	8.50
30	संस्थान की बेवसाइट पर व्यय	.25
31	संस्थान की वार्षिक आडिट /टी0डी0एस0 से सम्बन्धित व्यय	.35
-32	संस्थान की इंटरनेट सेवा	.10
33	उच्च आदेश के क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाना।	20.00
	योग	**224.45**

नोट– वित्तीय वर्ष 2023–24 में संस्थान के आय–व्ययक के गैर वेतन मद में प्राविधानित बजट धनराशि रू0 100.00 लाख के सापेक्ष व्यय हेतु वार्षिक कार्य/ कार्ययोजना धनराशि रू0 224.45 लाख (रूपये दो करोड चौबीस लाख पैतालिस हजार मात्र) की तैयार की गयी है।

संस्थान द्वारा प्राविधानित धनराशि रू0 100.00 लाख के सापेक्ष ही कार्य कराये जायेंगे तथा अतिरिक्त धनराशि रू0 124.45 लाख (रूपये एक करोड चौबीस लाख पैतालिस हजार मात्र) धनराशि की उपलब्धता के लिये पुनर्विनियोग एवं अनुपूरक मद से बजट की मॉग की जायेगी। अतिरिक्त धनराशि प्राप्त/उपलब्ध होने पर कार्य कराया जायेगा।

14/06/23

(अतुल द्विवेदी)
निदेशक
उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति,
संस्कृति संस्थान, लखनऊ